एक नजर

तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से 56 वर्षीय बुजुर्ग की मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

तिलोई, अमेठी । जायस कोतवाली क्षेत्र के टांडा–बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर सफ्फूका पुरवा मोड़ के पास रविवार को सड़क हादसे में 56 वर्षीय बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, बाइक सवार सुल्तानपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गया। ट्रक की टक्कर लगने से बाइक सवार सड़क पर गिर पड़ा और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।मृतक की पहचान मोबीन (56) पुत्र नूर मोहम्मद निवासी मुबारकपुर मुखिया के रूप में हुई है। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के परिवार में दो बेटे और दो बेटियां हैं। परिवार की जिम्मेदारी संभालने वाले मोबीन की मौत से बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया। अब परिवार के भरण–पोषण की जिम्मेदारी बच्चों और परिजनों के सामने आ गई है। घटना से गांव में शोक की लहर है।इस संबंध में थानाध्यक्ष जायस से बात करने की कोशिश की गई तो बात नहीं हो पाइ

संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता की मौत

मुंशीगंज अमेठी । थाना क्षेत्र अंतर्गत दादूपुर के पूरे कुटरू गांव में शनिवार देर रात 19 वर्षीय नवविवाहिता अनामिका का संदिग्ध परिस्थितियों में शव घर के अंदर दुपट्टे के सहारे लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की मां ने ससुराल पक्ष पर बेटी की हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।कोरारी हीरशाह गांव निवासी लीलावती पत्नी राधेश्याम के मुताबिक उनकी बेटी अनामिका ने करीब तीन माह पहले परिवार की मर्जी के खिलाफअरविंद के साथ कोर्ट मैरिज की थी। शनिवार दोपहर अनामिका ने अपनी बहन कोमल को फोन कर बताया था कि अरविंद और उसके घरवाले उसे प्रताड़ित कर रहे हैं। वह अब वहां नहीं रहना चाहती है।लीलावती ने बताया कि रात करीब 12 बजे पुलिस उनके घर पहुंची और बेटी की मौत की सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मां ने बेटी के साथ मारपीट कर हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह ने बताया कि मृतका की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट होगी।

विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर डीएम ने की समीक्षा

अमेठी । आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2027 की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी शशांक चौधरी ने शनिवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण अभियान की प्रगति मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने बूथों पर आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा निर्वाचन संबंधी अन्य कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन कार्यों में पूरी गंभीरता पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे बीएलओ एवं सुपरवाइजर के साथ नियमित बैठकें आयोजित कर निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण से संबंधित सभी प्रक्रियाओं की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध एवं अद्यतन बनाने के लिए निर्धारित प्रपत्रों के माध्यम से नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। फॉर्म–6 के जरिए पात्र नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाए जबकि फॉर्म–7 के माध्यम से मृतक स्थायी रूप से अन्यत्र स्थानांतरित तथा अन्य अपात्र प्रविष्टियों को नियमानुसार हटाने की प्रक्रिया पूरी की जाए। इसी प्रकार फॉर्म–8 के माध्यम से मतदाताओं के नाम पते एवं अन्य विवरणों में संशोधन संबंधी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर संपादित कराया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने मतदेय स्थलों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए पेयजल विद्युत शौचालय रैंप सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कमरे में लटका मिला किशोर का शव

मुंशीगंज अमेठी । थाना क्षेत्र अंतर्गत तरसड़ा के हीरहु का पुरवा गांव में शनिवार देर शाम 15 वर्षीय किशोर प्रिंस यादव पुत्र रंजीत यादव का शव घर के अंदर कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला। घटना की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। गांव में भी शोक का माहौल है। मृतक के पिता रंजीत यादव ने बताया कि शनिवार को बेटे से पढ़ाई को लेकर बातचीत हुई थी। मोबाइल देखने और उसके इस्तेमाल को लेकर भी उसे समझाया था। हालांकि इस बात पर कोई बड़ी कहासुनी नहीं हुई थी। देर शाम कमरे में बेटे का शव लटका मिलने से परिवार के लोग स्तब्ध रह गए प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह ने बताया कि परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर मामले में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल किशोर की मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है।

मायावती की तरफटिकी हैं जनता की निगाहें - विश्व नाथ पाल

अमेठी । बहुजन समाज पार्टी की विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता बैठक रविवार को एक मैरिज लान में हुई। बैठक में बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्व नाथ पाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने पार्टी संगठन के कार्यों की समीक्षा की और कार्यकर्ताओं में जोश का संचार करते हुए 2027में उत्तर प्रदेश में बसपा की सरकार बनाने के लिए सर्वसमाज का संगठन मजबूत करने के संदेश दिए। कहा कि सपा और भाजपा की कार्यप्रणाली से दु:खी प्रदेश की जनता की निगाहें बहन मायावती की तरफ टिकी हुई हैं। प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी संगठन के अवशेष कार्यों को 8 नवम्बर तक पूरा करके नया फोल्डर 10 नवम्बर तक हैंड ओवर करने के निर्देश दिए। बैठक में बामसेफऔर वीवीफके कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। बसपा नेता जितेन्द्र मिश्र ने कहा कि बसपा सर्वसमाज की हितैषी है।बहन मायावती जी ने ब्राह्मण समाज को राजनीति में शीर्ष पर पहुंचाने का काम किया है जबकि भाजपा ने ब्राह्मण समाज को ठगने के अलावा और कोई काम नहीं किया। बैठक में मंडल प्रभारी नन्हे सिंह चौहान मंडल प्रभारी शिवराम बामसेफके जिला संयोजक संजीव भारती जिला उपाध्यक्ष बबलू पांडेय जिला महामंत्री सरवन कुमार यादव वी वी एफके जिला संयोजक कुसुम राज आदि ने विधानसभा कमेटी के पदाधिकारियों के साथ प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। बैठक का संचालन जिला अध्यक्ष सुरेश कमल ने किया।

नवनिर्मित जिला कारागार का डीएम ने किया निरीक्षण

अमेठी । जिलाधिकारी शशांक चौधरी ने रविवार को नवनिर्मित जिला कारागार का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता उपलब्ध सुविधाओं तथा विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को आवश्यक औपचारिकताएं शीघ्र पूरी करते हुए जिला कारागार को संबंधित विभाग को हस्तांतरित करने की प्रक्रिया जल्द से जल्द प्रारंभ करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम जिला कारागार के मॉडल का अवलोकन किया। इसके बाद उन्होंने कारागार परिसर में निर्मित बैरकों आवासीय क्षेत्र हाई सिक्योरिटी बैरक विद्युत कनेक्शन शौचालय रसोईघर पाठशाला वॉच टावर मल्टीपर्पज हॉल तथा गोदाम सहित विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता के साथ ही कारागार में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कारागार से जुड़ी सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का समुचित परीक्षण सुनिश्चित किया जाए ताकि हस्तांतरण की प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो। उन्होंने कार्यदायी संस्था से निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए शेष आवश्यक औपचारिकताओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने पर जोर दिया। उल्लेखनीय है कि जनपद अमेठी में नवनिर्मित जिला कारागार का निर्माण कार्य उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग क्षेत्र अयोध्या द्वारा कराया गया है। इस जिला कारागार की क्षमता 990 बंदियों की है। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियंता उमेश चंद्रा ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि जिला कारागार का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। निर्माण कार्य पूर्ण होने की जानकारी के बाद जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यदायी संस्था को आवश्यक प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर कारागार को संबंधित विभाग को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता एवं व्यवस्थाओं का समुचित परीक्षण सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया जिससे कारागार का संचालन शुरू करने की दिशा में आगे की कार्रवाई समयबद्ध ढंग से की जा सके। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता उमेश चंद्रा उप जिलाधिकारी गौरीगंज दिशा श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

अस्थायी आतिशबाजी की दुकानों में शत-प्रतिशत सुरक्षा मानक सुनिश्चित हो



रायबरेली । जिला मजिस्ट्रेट/जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में दीपावली के पर्व पर आतिशबाजी की बिक्री हेतु अस्थायी शेड में दुकाने लगाये जाने हेतु लाइसेंस निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। डीएम ने बताया कि जिन लोगों को दुकान का लाइसेंस जारी किया जाएगा, उनके द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा, शहरी क्षेत्र में लाइसेंस जारी करने हेतु सिटी मजिस्ट्रेट व ग्रामीण क्षेत्र में संबंधित उप जिला मजिस्ट्रेट को नामित किया गया। अतिशबाजी की दुकाने निर्धारित स्थान में ही लगायी जायेगी। दुकान लगाने में टेन्ट, कनात व कपड़े का प्रयोग नही किया जायेगा, टीन शेड से ही दुकाने लगायी जायेगी। एक दुकान से दुसरी दुकान के बीच में तीन मीटर का गैप रहेगा, अवयस्क बच्चों द्वारा दुकानें संचालित नही की जायेगी। किसी भी अस्थायी दुकान लगाने हेतु विद्युत कनेक्शन नही दिया जायेगा, प्रत्येक दुकान में 200 लीटर पानी का स्टोरेज व अग्निशामक, बालू से भरी बाल्टियां रखना अनिवार्य रहेगा।उन्होंने कहा कि दीपावली पर्व पर अतिशबाजी के सम्बन्ध में सभी सुरक्षात्मक उपाय करते हुए यह सुनिश्चित करा लिया जाये कि पटाखों के विनिर्माण, विक्रय व अतिशबाजी के समय किसी भी प्रकार की दुर्घटना घटित न होने पाये, ताकि किसी भी प्रकार की सम्भावित जन–धन हानि को रोका जा सके। उन्होंने बताया कि अस्थायी अतिशबाजी दुकान लगाये जाने हेतु शहरी क्षेत्र में चिन्हित स्थल–जीआईसी द्वितीय मैदान, विद्युत विभाग का मैदान गोरा बाजार, आईटीआई का खुला मैदान (राजीव गांधी स्टेडियम) एवं गाढ़ी मुतवल्ली मुंशीगंज बाई पास किनारे निर्धारित है। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में भी प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थानों पर ही आतिशबाजी की दुकाने लगायी जायेगी।नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार ने बताया कि अस्थायी आतिशबाजी की दुकानों के आवंटन हेतु शस्त्र लिपिक पटल कलेक्ट्रेट से कल तीन नवम्बर 2026 को पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह दो बजे तक फार्म का वितरण किया जाएगा, इसके पश्चात अपरान्ह दो बजे से सायं छह बजे तक फार्म जमा किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि निर्धारित दुकानों से अधिक आवेदन होने पर लॉटरी के माध्यम से दुकानों का आवंटन किया जाएगा। यदि आवेदन अधिक प्राप्त होते है तो चार नवम्बर 2026 को अपरान्ह दो बजे से चार बजे तक कलेक्ट्रेट सभागार में दुकान आवंटन हेतु लॉटरी की प्रक्रिया पूर्ण कराई जाएगी। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पवन गौतम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल सहित समस्त उपजिला मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी (पुलिस) सहित सम्बन्धित अधिकारी व विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पंचायत निर्वाचक नामावली-2026 में नाम जोड़ने संशोधन एवं आपत्ति दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू

रायबरेली। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) सरनीत कौर ब्रोका ने बताया कि उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम, 1947 की धारा–9(8) के अंतर्गत पंचायतों की मतदाता सूची में परिवर्धन, संशोधन एवं विलोपन की कार्यवाही निर्धारित प्रावधानों के अनुसार की जा सकती है। अधिनियम में व्यवस्था है कि ग्राम पंचायत के किसी निर्वाचन के लिए नामांकन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि के पश्चात तथा निर्वाचन पूर्ण होने से पूर्व मतदाता सूची में कोई सुधार, निष्कासन अथवा परिवर्धन नहीं किया जाएगा।उन्होंने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में पंचायत निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित करने, प्रविष्टियों में संशोधन तथा नामों पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए आवेदन प्राप्त होने पर जांचोपरांत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद रायबरेली के समस्त सामान्य ग्राम निवासियों से कहा है कि पंचायत निर्वाचक नामावली (अंतिम मतदाता सूची)–2026 में नाम सम्मिलित कराने के लिए निर्धारित प्रपत्र–2, किसी प्रविष्टि के विवरण में संशोधन कराने के लिए प्रपत्र–3 तथा निर्वाचक नामावली में दर्ज किसी नाम के संबंध में विभिन्न कारणों से आपत्ति दर्ज कराने के लिए प्रपत्र–4 में आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है। निर्धारित प्रपत्रों में आवेदन संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) अथवा उपजिलाधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (पंचायत) के कार्यालय में अधिकृत कर्मचारी के समक्ष प्रस्तुत किए जा सकते हैं। प्राप्त आवेदनों की जांच उपजिलाधिकारी /सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (पंचायत) द्वारा की जाएगी तथा जांच के उपरांत नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

परसदेपुर की ऐतिहासिक रामलीला

परसदेपुर (रायबरेली)। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा ने कहा कि परसदेपुर की रामलीला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान, आस्था और एकता का प्रतीक है। इसे सहेजना और अगली पीढ़ी तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। नगर में 13 दिनों से चल रही रामलीला का समापन भगवान श्रीराम के भव्य राज्याभिषेक समारोह के साथ हुआ।

13 दिनों तक भगवामय रहा परसदेपुर राजगद्दी की दिव्य झांकी के दर्शन कर राममय हो गया। समापन समारोह में अयोध्या से आए आचार्य आकाश मिश्रा ने विधि–विधान से पूजन–अर्चन कराया।

यजमान के रूप में पूर्व प्रधान राधेश्याम मिश्र रहे, वहीं वशिष्ठ की भूमिका भगवत प्रसाद पांडे ने निभाई।

ऑटो और ई.रिक्शा की भीषण टक्कर में महिला का सिर धड़ से अलग, छह घायल

पचदेवरा। थाना क्षेत्र में धर्मपुर गांव के पास सोमवार दोपहर ऑटो और ई.रिक्शा की हुई भीषण टक्कर में एक महिला की दर्दनाक मौत हो गईए जबकि छह लोग घायल हो गए। हादसा इतना भयावह था कि महिला का सिर धड़ से अलग हो गया। घटना के बाद मौके पर चीख.पुकार मच गई और आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई।मृतका की पहचान रामगुनी पत्नी दयाराम निवासी ग्राम रामपुर थाना मऊदरवाजा जनपद फर्रुखाबाद के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही पचदेवरा पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी।प्रभारी निरीक्षक राकेश यादव ने बताया कि सीएनजी ऑटो और ई.रिक्शा की टक्कर में महिला की मौत हुई है। हादसे के बाद ई.रिक्शा चालक मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश की जा रही है।

लापरवाही बरतने वाले आधा दर्जन सफाई नायकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव के निर्देश दिए

शाहाबाद हरदोई। आगामी दीपावली एवं धनतेरस पर्व को देखते हुए नगर की साफसफाई और प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए पूर्व विधायक एवं प्रतिनिधि चेयरमैन आसिफखां बब्बू ने अपने निजी आवास पर पालिका के सफाई निरीक्षक और सफाई नायकों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने नगर के सभी वार्डों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई व्यवस्था को चाक.चौबंद रखने के कड़े निर्देश दिए।

चेयरमैन प्रतिनिधि आसिफखां बब्बू ने स्पष्ट कहा कि त्योहार के दौरान सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।कार्य में उदासीनता बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।लापरवाही की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने आधा दर्जन सफाई नायकों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन करने के निर्देश भी दिए।उन्होंने मुख्य मार्गों और गलियों में समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।साथ ही धनतेरस के अवसर पर मुख्य बाजार एवं व्यापारिक क्षेत्रों में विशेष सफाई व्यवस्था रखने और व्यापारी वर्ग की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि दीपावली खुशियों और रोशनी का पर्व है। हमारा प्रयास है कि त्योहार पर नगर का प्रत्येक वार्ड स्वच्छएसुंदर और रोशनी से जगमगाता नजर आए।इसके लिए पालिका प्रशासन को पूरी जिम्मेदारी और तत्परता के साथ कार्य करना चाहिए।जनता की पालिका से जुड़ी सुविधाओ के प्रति किसी भी समस्या के लिए संबंधित कर्मचारी अगर लापरवाही बरतेगा तो उस पर कार्रवाई अवश्य की जाएगी।

प्रदेश स्तर में विद्यालय का नाम किया रोशन

रायबरेली। 70वीं प्रदेशीय माध्यमिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता जो की मदन मोहन मालवीय स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रयागराज में आयोजित हो रही है जिसमें श्री गणेश विद्यालय इंटर कॉलेज ऐहार रायबरेली के होनहार खिलाड़ियों ने प्रदेश स्तर पर अपना और अपने विद्यालय का नाम रोशन किया अनामिका ने 200 मीटर दौड़ में दूसरा स्थान और राज ने 200 मीटर दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि से विद्यालय के प्रबंधक कार्तिकेय शंकर बाजपेयी प्रधानाचार्य अवनींद्र पाण्डेय विद्यालय के खेल संघ अध्यक्ष दिलीप कुमार द्विवेदी वरिष्ठ प्रवक्ता डा. कमलाकांत, राकेश कुमार मिश्र रमेश चन्द्र, भीमसेन एवं सभी शिक्षकों ने दोनों खिलाडियों और खेल अध्यापक सुजीत कुमार एवं विकास सिंह को बधाई दी।

सरकारी धन को जिम्मेदार अफसरों ने उड़ाया, दीमकों ने चाटे दरवाजे और खिड़किया

शाहाबाद.हरदोई। ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से करोड़ों रुपये की लागत से बनाई गई दलेलनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। शाहाबाद ब्लाक के अंतर्गत संचालित इस पीएचसी दलेल नगर की इमारत पर झाड़ियों का कब्जा है।

यहीं दरवाजों को दीमक चाट चुकी है। अस्पताल परिसर से लेकर आवासीय भवन में लगा करोड़ों रुपया जिम्मेदारों ने मिट्टी में मिला दिया जिसकी गूंज आम जनमानस तक पहुंच रही है लेकिन जिम्मेदार स्वास्थ्य सेवाओं के साथ साथ विभागीय निर्देशों की उपेक्षा करने से बाज नहीं आ रहे हैं।अब विडंबना देखिए कि जिस पीएयसी का निर्माण ग्रामीणों को उनके गांव के पास ही अच्छा इलाज उपलब्ध कराने के लिए किया गया थाए वहां स्वास्थ्य सेवाओं की वास्तविक स्थिति अस्पताल परिसर को हालत देखकर समझा जा सकता है। महज 5 वर्ष पूर्व यह अस्पताल स्वास्थ्य विभाग को सुपुर्द किया गया थाए जो आज जर्जर होता जा रहा हैए दरवाजे दीमक की भेंट चढ़ रहे हैं और परिसर में उगी इबड़ी झंड़ सरकारी व्यवस्था की निगरानी पर सवाल खड़े कर रही हैं।सवाल यह है कि जनता को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए पीएचसी पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए तो उसका लाभ भी ग्रामीणों को मिलना चाहिए। जबकि सारा लाभ सरकारी मुलाजिम गटक जाते हैं। मुख्यालय से सुदूर क्षेत्र में बने इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के इर्द गिर्द करीब 60 गांवों के लोगों का निवास हैए जिन्हें इमरजेंसी में जिला या ब्लाक मुख्यालय आना पड़ता है। जबतक मरीज के प्राण पखेरू हो जाते हैंए और गरीवजन सरकारी सिस्टम को कोसते हुए अपना पेट दवाकर बैठ जाते हैं। यहीं अभिलेखों में सब कुछ दुरुस्त दिखाकर जिम्मेदार अपनी जवाबदेही से बच निकलते हैं। ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य केंद्र केवल एक सरकारी इमारत नहींए बल्कि बीमारी और आपात स्थिति में उम्मीद का सहारा होता है। लेकिन दलेलनगर पीएचसी की मौजूदा तस्वीर इस उम्मीद पर सवालिया निशान लगा रही है।

वहीं सरकारी दावे हैं कि स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बहुत अच्छी हैए लेकिन पीएचसी दलेल नगर उन सभी व्यवस्थाओं की पोल खोलने के लिए ही डा काफी है। यहां की साफ सफाई देखकर ही सच्चाई पता चल जाएगी कि अस्पताल खुलता भी है या नहीं।

बुद्धिजीवियों का कहना है कि सरकारी धन से अस्पताल बन जाना ही स्वास्थ्य व्यवस्था को नि सफ लता नहीं हैए बल्कि वहां पर नियमित प्र डॉक्टरए दवाएं और उपचार की सुविधा सम आम आदमी को मिले।

पुलिस की दबिश में फरार हुआ ,काली सरकार, जमानतदार चलती गाड़ी से कूदा

हरदोई । चर्चित हिस्ट्रीशीटर प्रदीप शुक्ला उर्फ नटरोज उर्फ काली सरकारश् की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई हैं। वर्ष 1993 के पुराने लूटकांड में गैर जमानती वारंट छठॅ जारी होने के बाद हरदोई पुलिस शनिवार रात झांसी के मऊरानीपुर स्थित कुरैंचा गांव पहुंची। स्थानीय पुलिस के सहयोग से काली सरकार के आश्रम और मंदिर परिसर में दबिश दी गईए लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही वह फरार हो गया। पुलिस ने उसके संभावित ठिकानों पर भी तलाश कीए मगर उसका कोई सुराग नहीं लगा। हरदोई पुलिस की कार्रवाई के बाद कुरैंचा निवासी शिवेंद्र ने उसे जमानत दिलाने में भूमिका निभाई थी। इसी आधार पर पुलिस शिवेंद्र की तलाश करते हुए उसके ढाबे पर पहुंची और उसे हिरासत में ले लिया। पूछताछ के लिए हरदोई पुलिस उसे अपनी निजी गाड़ी से ले जा रही थीए तभी शिवेंद्र चलती गाड़ी से कूद गया। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गयाए जहां से मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर किए जाने की जानकारी सामने आई है।हालांकिएघायल शिवेंद्र ने पुलिस पर जानबूझकर चोट पहुंचाने का आरोप भी लगाया है।पुलिस का कहना है कि वह चलती गाड़ी से कूदकर भागने की कोशिश में घायल हुआ। मामले में उसके खिलाफसुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।गौरतलब है कि प्रदीप शुक्ला मूल रूप से हरदोई के चौहान थोक का निवासी है और पुलिस रिकॉर्ड में नटरोज नाम से हिस्ट्रीशीटर बताया गया है।आरोप है कि वह लंबे समय से पुलिस और कानून की कार्रवाई से बचने के लिए झांसी के कुरैंचा में सत्यानंद शुक्ला उर्फकाली सरकार के नाम से रह रहा था। वहां मंदिर परिसर में दरबार लगाता था और बड़ी संख्या में लोग उसके पास पहुंचते थे।इसके अलावा थाना मऊरानीपुर में उसके खिलाफबीते 29 अक्टूबर को एक किशोर के अपहरण और दुष्कर्म के आरोप में एफआईआर दर्ज होने की बात भी सामने आई है।अब पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए तलाश में जुटी है।

विधायक सलोन ने सरस मेले में 32 नवचयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को वितरित किये गये नियुक्ति पत्र

रायबरेली। विधायक सलोन अशोक कुमार व मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता ने आज रिफार्म क्लब लॉन के मैदान में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तत्वाधान में आयोजित 'जनपद स्तरीय तीन दिवसीय सरस मेला–2026' के द्वितीय दिवस पर समूह द्वारा उत्पादित किये जा रहें उत्पादों को उच्च स्तर की मार्केटिंग व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु उत्पादों की खरीदारी कर समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित किया एवं प्रदर्शनी के लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया तथा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की एवं बच्चों का अन्नप्राशन कराया। विधायक द्वारा विधानसभा सलोन क्षेत्र के अन्तर्गत नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। जिसमें विकास खण्ड सलोन 14, डीह 15 एवं छतोह तीन कुल 32 नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला समूह की महिलाओं को प्रमाण पत्र व प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

एक नजर

कथा के दौरान भक्तिए प्रेम, मर्यादा और सदाचार के प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया



सुल्तानपुर। उ.प्र. विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक महासंघ फुपुक्टा के आह्वान परए डा. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ आक्टा के नेतृत्व में गनपत सहाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सुलतानपुर की शिक्षक संघ इकाई द्वारा शिक्षकों की विभिन्न लंबित एवं गंभीर समस्याओं के समर्थन में एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन किया गया।महाविद्यालय परिसर में आयोजित इस प्रदर्शन के दौरान सभी शिक्षक सदस्यों ने अपने हाथों पर काली पट्टी बांधकर शासन और प्रशासन की नीतियों के प्रति रोष व्यक्त किया तथा जोरदार नारों के साथ अपनी एकता का प्रदर्शन किया। शिक्षक एकता जिंदाबाद! शिक्षक एकता जिंदाबाद!ष् के नारों से महाविद्यालय परिसर गूंज उठा। यह विरोध प्रदर्शन शिक्षक संघ इकाई के अध्यक्ष प्रोण्शक्ति सिंह के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ।फुपुक्टा और आक्टा के बैनर तले शिक्षकों ने लंबे समय से लंबित अपनी न्यायसंगत मांगों को एक बार फिर से पुरजोर तरीके से उठाया। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं के प्रति यदि शासन स्तर पर उदासीनता जारी रहीए तो आंदोलन को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा।इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे और उन्होंने एक स्वर में शिक्षक हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

दिव्यांग बच्चों को मिले सहायक उपकरण, खिल उठे चेहरे

लम्भुआ सुल्तानपुर। उच्च प्राथमिक विद्यालय लम्भुआ प्रथम के प्रांगण में समग्र शिक्षा एवं एलिम्को कानपुर के संयुक्त तत्वावधान में दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया। तहसील लम्भुआ के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों के पूर्व में किए गए चिन्हांकन के आधार पर आयोजित कार्यक्रम में कुल 105 बच्चों को 158 सहायक उपकरण नि:शुल्क वितरित किए गए। उपकरण पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत लम्भुआ के चेयरमैन अवनीश सिंह श्अंगदश् ने बच्चों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन द्वारा दिव्यांग बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप हजारों रुपये मूल्य के सहायक उपकरण नि:शुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित करना है।शिक्षक नेता रणवीर सिंह ने कहा कि दिव्यांग छात्र.छात्राएं स्वयं को किसी से कमजोर न समझें। शासन एवं प्रशासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा में शामिल करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इन योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र बच्चे तक पहुंचाना शिक्षकों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी हैए ताकि कोई भी बच्चा संसाधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे। खंड शिक्षा अधिकारी शिवशंकर मिश्रा सहित समग्र शिक्षा सुल्तानपुर एवं एलिम्को के अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में बच्चों को उपकरण वितरित किए गए।वितरित किए गए उपकरणों का विवरण प्रकार कुल 105 बच्चों को 158 उपकरण प्रदान किए गए।

भाजपा किसान मोर्चा की जिला कार्यसमिति घोषित, 36 को मिली जिम्मेदारी

सुलतानपुर। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र सिंह की संस्तुतिए क्षेत्रीय अध्यक्ष रामविलास पाल के अनुमोदन एवं जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी की सहमति से किसान मोर्चा की जिला कार्यसमिति घोषित कर दी गई है। इसमें कुल 36 पदाधिकारियों एवं सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। भाजपा मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष काली सहाय पाठक के नेतृत्व में गठित कार्यसमिति में आठ उपाध्यक्षए तीन महामंत्रीए आठ मंत्रीए एक कोषाध्यक्ष सहित मीडियाए सोशल मीडिया एवं आईटी से जुड़े पदाधिकारी शामिल हैं। इसके अलावा 11 सदस्यों को कार्यसमिति में स्थान दिया गया है। जिला उपाध्यक्ष पद पर यज्ञ प्रसाद सिंह धर्मेंद्र द्विवेदी अशोक वर्मा रमेश तिवारी राकेश मिश्रा संजय सिंह बल्लू राजेश चंद्र मिश्रा एवं श्याम प्रकाश शुक्ला को जिम्मेदारी दी गई है। महामंत्री पद पर संदीप मिश्राए प्रभात सिंह एवं सुभाष श्रीवास्तव नियुक्त किए गए हैं। वहींश्रीमती हेमलता को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

मीडिया कक्ष के निर्माण कार्यो का भाजपा जिला मंत्री ने किया निरीक्षण

चांदा। विकासखंड प्रतापपुर कमैचा के सभागार में निर्माणाधीन मीडिया कक्ष के भवन का भाजपा जिला मंत्री अरुण जायसवाल ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता का जायजा लेते हुए संबंधित ठेकेदार को मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान भाजपा जिला मंत्री ने कहा कि मीडिया कक्ष का निर्माण कार्य पूरी जिम्मेदारी और गुणवत्ता के साथ कराया जाना चाहिए। भवन निर्माण में इस्तेमाल होने वाली सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्धारित मानकों के अनुसार ही निर्माण कार्य पूरा कराया जाएए ताकि भवन मजबूत और टिकाऊ बन सके।

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर ओवरस्पीडिंग रोकने एवं सुरक्षा मानकों को प्रभावी ढंग से लागू करने के दिए निर्देश

सुलतानपुर। जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह एवं पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल की संयुक्त अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा एवं आगामी पर्व दीपावली गोवर्धन पूजा तथा भैयादूज के दौरान सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करनेए सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं जनजागरूकता के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को त्योहारों के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरतनेए सड़कों की स्थिति दुरुस्त रखने तथा यातायात एवं सड़क सुरक्षा के सभी मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के सख्त निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे सहित जनपद की सभी प्रमुख सड़कों एवं संपर्क मार्गों पर आगामी त्योहारों के दृष्टिगत पेट्रोलिंग बढ़ाई जाएए ताकि आवागमन के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना अथवा अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के कारणों की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों से दुर्घटना संभावित माइलस्टोन एवं सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। एक्सप्रेसवे पर 16 पेट्रोलिंग वाहनए 02 कंट्रोल रूमए 04 सब सेंटर एवं 24 एम्बुलेंस संचालित हैं ।

सरेनी विधानसभा में भाजपा कार्यकर्ताओं में जश्न

ललगंज (रायबरेली)। फेम इंडिया मैगजीन और एशिया पोस्ट के संयुक्त 'बेस्ट चीफ मिनिस्टर सर्वे 2026' में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। योगी जी को 1000 में से सर्वाधिक 897 अंक मिले हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी 881 अंकों के साथ दूसरे और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा 874 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। मुख्यमंत्री योगी के देश के सर्वश्रेष्ठ मुख्यमंत्री चुने जाने पर 182 सरेनी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अनूप पांडे ने कहा कि यह सर्वे सुशासन, कानून व्यवस्था और विकास के योगी मॉडल पर देश की मुहर है। योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बना है। सर्वे में 897 अंक पाकर योगी जी ने साबित कर दिया कि जनता को बुलडोजर वाला न्याय और पारदर्शी शासन चाहिए। यह हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए गर्व का विषय है। प्रसिद्ध शिक्षाविद दीप प्रकाश शुक्ला, वरिष्ठ भाजपा नेता सरेनी ने कहा कि योगी जी हिंदू हृदय सम्राट हैं। माफिया मुक्त प्रदेश और आस्था का सम्मान दोनों करके दिखाया है। यह सम्मान 25 करोड़ उत्तर प्रदेशवासियों का सम्मान है। स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक अमित सिंह वत्स ने कहा कि मुख्यमंत्री के नंबर वन आने से तीन नवंबर के 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ–लखनऊ चलो' आंदोलन को और बल मिलेगा। पूरा सरेनी क्षेत्र उनके नेतृत्व में लखनऊ कूच करेगा। अखिल भारतीय हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र अग्निहोत्री ने कहा कि योगी जी के कार्यों की गूंज आज देश ही नहीं विदेशों तक में है। सर्वे के परिणाम ने विपक्ष के सभी दुष्प्रचार को समाप्त कर दिया है। डलमऊ नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड़, भाजपा के प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी ने कहा कि योगी आदित्यनाथ का पहला स्थान आना रायबरेली जैसे राष्ट्रवादी क्षेत्र के हर कार्यकर्ता के लिए उत्सव का दिन है।